# मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः 20.07.2025

**थाना विन्ध्याचल, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा चोरी/छिनैती करने वाले गैंग का खुलासा, 07 अभियुक्त गिरफ्तार, आभूषण व मोबाइल फोन बरामद-**

थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर पर दिनांकः 19.07.2025 को वादी कौशल सिंह पुत्र ओकारनाथ सिंह निवासी जगदीशपुर, मवैया थाना चिल्ह जनपद मीरजापुर द्वारा अज्ञात मोटर साइकिल सवार के विरूद्ध वादी की बहन का पर्स छीन कर भागने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दिया गया । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना विन्ध्याचल पर मु0अ0सं0-242/2025 धारा 304(2) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "सोमेन बर्मा" द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए घटना का शीघ्र अनावरण व बरामदगी हेतु थानाध्यक्ष विन्ध्याचल को निर्देश दिये गये थे । उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांकः 20.07.2025 को एसओजी, सर्विलांस व थाना विन्ध्याचल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना, साक्ष्य संकलन व भौतिक/इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों के आधार पर थाना विन्ध्याचल क्षेत्र से 07 अभियुक्तों 1- अजय पुत्र अभिमन निवासी बदेवरा चौबे थाना जिगना जनपद मीरजापुर, 2. विकास वर्मा पुत्र पप्पू वर्मा निवासी गंगापुर थाना जिगना जनपद मीरजापुर, 3. विकास बिन्द पुत्र लल्लू बिन्द निवासी नरोईया थाना जिगना जनपद मीरजापुर, 4. दीपक पाण्डेय पुत्र त्रिलोकी नाथ पाण्डेय निवासी कसधना थाना जिगना जनपद मीरजापुर, 5. भरत सोनी पुत्र सुभाष सोनी निवासी गोपीगंज थाना गोपीगंज जनपद भदोही व 02 अन्य बालअपचारी को गिरफ्तार/हिरासत में लिया गया । अभियुक्तो के कब्जे से चोरी/छिनैती के 24 अदद मोबाइल फोन, 01 अदद कमर की पेटी (सफेद धातु), 01 जोड़ी पायल (सफेद धातु), 02 अदद मंगल सूत्र (पीली धातु), 01 जोड़ी झूमका (पीली धातु) बरामद किया गया तथा अभियुक्त दीपक पाण्डेय के कब्जे से 01 अदद 12 बोर तमंचा मय मय जिन्दा कारतूस व अभियुक्त विकास वर्मा के पास से 01 अदद 315 बोर मय जिन्दा कारतूस बरामद किया गया । घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटर साइकिल वाहन संख्या UP63Y 5348 को 207 एमवीएक्ट में सीज किया गया । सम्बन्धित अभियुक्तों को थाना विन्ध्याचल पुलिस द्वारा नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल/किशोर सुधार गृह भेजा जा रहा है ।

विवरण पूछताछ- गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि हम लोगो द्वारा मोटर साइकिल पर बैठ कर मौका देखकर आटो,ई-रिक्सा आदि में बैठी महिलाओं के पर्स/बैंग आदि छिनकर भाग जाते है । इस प्रकार गहनों/आभुषणों आदि जो भी प्राप्त होता है उसे भरत सोनी उपरोक्त को बेचकर प्राप्त धन आपस में बाट लेते है ।

**नाम पता गिरफ्तार/हिरासत अभियुक्तगण—**

1-अजय पुत्र अभिमन निवासी बदेवरा चौबे थाना जिगना जनपद मीरजापुर, उम्र करीब 19 वर्ष ।

2. विकास वर्मा पुत्र पप्पू वर्मा निवासी गंगापुर थाना जिगना जनपद मीरजापुर, उम्र करीब 19 वर्ष।
3. विकास बिन्द पुत्र लल्लू बिन्द निवासी नरोईया थाना जिगना जनपद मीरजापुर, उम्र करीब 20 वर्ष।
4. दीपक पाण्डेय पुत्र त्रिलोकी नाथ पाण्डेय निवासी कसधना थाना जिगना जनपद मीरजापुर, 38 वर्ष।
5. भरत सोनी पुत्र सुभाष सोनी निवासी गोपीगंज थाना गोपीगंज जनपद भदोही, उम्र करीब 22 वर्ष।
6. अन्य 02 बाल अपचारी।

**पंजीकृत अभियोग—**

मु0अ0सं0-242/2025 धारा 304(2) बीएनएस थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर।
मु0अ0सं0-91/2025 धारा 305(ए),331(4) बीएनएस थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर।

**आपराधिक इतिहास- (दीपक पाण्डेय)**

1. मु0अ0सं0- 155/2017 धारा 147,152,504,506 भादवि थाना जिगना जनपद मीरजापुर।
2. मु0अ0सं0- 102/2019 धारा 353,323,332,504,506 भादवि थाना जिगना जनपद मीरजापुर।
3. मु0अ0सं0- 29/2021 धारा 506 भादवि थाना जिगना जनपद मीरजापुर।
4. मु0अ0सं0- 52/2010 धारा 302 भादवि थाना जिगना जनपद मीरजापुर।
5. मु0अ0सं0- 783/2014 धारा 3(1) गुण्डा एक्ट थाना जिगना जनपद मीरजापुर।

**विवरण बरामदगी—**

24 अदद मोबाइल फोन, 01 अदद कमर की पेटी (सफेद धातू), 01 जोड़ी पायल (सफेद धातू), 02 अदद मंगल सूत्र (पीली धातू), 01 जोड़ी झूमका (पीली धातू), 01-01 अदद 315 बोर व 12 बोर तमंचा मय 02 अदद जिन्दा कारतूस बरामद।

**गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम—**

थानाध्यक्ष वैद्यनाथ सिंह, उप निरीक्षक कृष्णकान्त त्रिपाठी थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर मय टीम।
निरीक्षक राजीव कुमार सिंह – प्रभारी एसओजी मय पुलिस टीम।
उप निरीक्षक मानवेन्द्र सिंह- प्रभारी सर्विलांस टीम मय पुलिस टीम।





*************